# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com


## सूचना

एतद्द्वारा कार्यालय जिलाधिकारी/जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के पत्र सं0–252/डीडीएफए/2023–24 दिनॉक–27.09.2023 के क्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि **मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में जन–जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम "(प्राकृतिक और मानव निर्मित खतरों पद बुनियादी समझ प्रदान करना, आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जागरूक करना, बुनियादी प्राथमिक चिक्तिसा कौशल पद प्रशिक्षण देना व आपदा तैयारियों की संस्कृति का निर्माण करना आदि)" आयोजित किये जाने है।**

उक्त के आलोक में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय में जन–जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु अपने महाविद्यालय से एक शिक्षक का नाम निम्न प्रारूप पर दिनॉक–30.09.2023 को अपरान्ह् 01:00 बजें तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। जिससे उक्त सूचना शासन को प्रेषित की जा सकें।

| क्र0सं0 | महाविद्यालय का नाम/पता | प्रतिभागी (शिक्षक) का नाम | सम्पर्क सूत्र/मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |

कृपया उक्त से अवगत होने का कष्ट करें।

**संलग्नकः–** कार्यालय जिलाधिकारी/जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के पत्र की छायाप्रति।

भवदीय
25.09.23
कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

**पत्र सं0–1030/सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2023** **दिनांक 27/09/2023**

**प्रतिलिपि–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य, सम्बद्ध–महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि वे उपरोक्त संलग्न पत्र का भलि भॉति अध्ययन कर लें एवं नियमानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करे।
2. अपर जिलाधिकारी (वि/रा), सिद्धार्थनगर को सूचनार्थ।
3. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालय के कालेज लागिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

# कार्यालय जिलाधिकारी / जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण सिद्धार्थनगर

पत्रांक 252/डीडीएमए/2023–24 दिनांक 27/09/2023

विषयः– भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा विभिन्न आपदाओं से बचाव हेतु प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालयों/माध्यमिक विद्यालयों /डिग्री कालेज में जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के सम्बन्ध में।

कुल सचिव,सिद्धार्थ विश्वविद्यालय

सिद्धार्थनगर

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के फाईल न0 1–11099/360/2020–11–पत्र स0 –1179/एक–10–2023 दिनांक 24.08.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी,उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 25.07.2023 का आपदा सम्बधी कार्यो की समीक्ष के दौरान विभिन्न आपदाओं से बचाव के लिए समस्त माध्यमिक विद्यालयों में जन–जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने के प्रदत्त निर्देश प्राप्त है ।

प्राशिक्षण का उद्वेश्य–प्राकृतिक और मानव निर्मित खतरों पद बुनियादी समझ प्रदान करना, आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डी0आ0आ0) पर जागरूक करना, बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा कौशल पद प्रशिक्षण देना व आपद तैयारियों की संस्कृति का निर्माण करना आदि है।

उक्त के कम में आप से अपेक्षा है कि समस्त माध्यमिक विद्यालयों में जन–जागरूकता प्रशिण कार्यक्रम आयोजित कियं जाने के लिये प्रत्येक विद्यालयों सें एक शिक्षक की सूची निम्न प्रारुप पर हार्ड कॉपी एवं ( EXCEL) शीट में दिनांक 30.09.2023 तक अनिवार्य रूप जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के ई–मेल आई–डी ddmasid@gmail.com पर उपलब्ध कराने का काष्ट करें।

| क्रम0 | विद्यालय का नाम/पता | प्रतिभागी ( शिक्षक) का नाम | सम्पर्क सूत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |

(उमाशंकर)
अपर जिलाधिकारी (वि/रा)
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।

2–जिला विद्यालय निरीक्षक, सिद्धार्थनगर को इस आशय से प्रेषित कि अपने अधीनस्थ विद्यालयों के सम्बंध में उपरोक्तानुसार सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3–जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सिद्धार्थनगर को इस आशय से प्रेषित कि अपने अधीनस्थ विद्यालयों के सम्बंध में उपरोक्तानुसार सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अपर जिलाधिकारी (वि/रा)
सिद्धार्थनगर